Adulteration Tests of Mineral water

2545. SHRIMATI JAYAPARDA NAHATA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether adulteration tests have been carried out on various brands of mineral water; and

(b) if so, whether some of them have failed the tests; if so, the action taken against the companies marketing such brands?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) As per the information received from State/UT Governments various brands of mineral water are tested under the provisions of Prevention of Food Aulteration Act, 1954.

(b) The States of Haryana, Punjab, Tamil Nadu and the NCT of Delhi have informed that vigil has been mounted on the quality of Mineral Water and legal action has been initiated in cases where samples have failed to comply with the specifications laid down under Prevention of Food Adulteration Rules, 1955 and other labelling provisions.

गर्भाशय और स्तन कैंसर के मामले

2546. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत कुछ वर्षों के दौरान देश में गर्भाशय और स्तन कैंसर के मामले में निरन्तर वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए सर्वेक्षण का ब्यौरा क्या है ;

(ग) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपर्युक्त श्रेणियों के रोगियों का अनुपात कितना है ;

(घ) क्या इन कैंसर के रोगियों के लिए चिकित्सीय सुविधाओं का अभाव है ;

(ङ) उक्त रोगों के संबंध में जागरुकता पैदा करने तथा उपचार करने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(च) क्या गर्भाशय कैंसर के संबंध में जागरुकता लाने और उसके प्राथमिक उपचार की एक सरल तकनीक विकसित करने के लिए कोई कार्यक्रम चलाया गया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी) : (क) और (ख) कोई राष्ट्रव्यापी विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं है। तथापि, मुम्बई, बंगलौर और चेन्नई स्थित कैंसर रजिस्ट्रियों के आंकड़ों के सामयिक रुझान विश्लेषण से पता चलता है कि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की घटनाओं में कोई वृद्धि नहीं हुई है लेकिन स्तन कैंसर की घटनाओं में मामूली सी वृद्धि प्रतीत होती है ।

(ग) ग्रामीण क्षेत्र स्थित एक कैंसर रजिस्ट्री से प्राप्त सीमित आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भाशय कैंसर की घटनाओं में तो कोई अन्तर नहीं है, लेकिन वहां पर स्तन कैंसर की घटनाएं शहरी क्षेत्रों की घटनाओं के लगभग एक तिहाई है ।

(घ) देश में भर सभी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में जहां भी रेडियो चिकित्सा विभाग है, गर्भाशय और स्तन कैंसर के उपचार की सुविधाएं है ।

(ङ) और (च) राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत, जिसमें गर्भाशय और स्तन कैंसर भी शामिल है, सरकार क्षेत्रीय कैंसर केन्द्रों, जिला कैंसर नियंत्रण परियोजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों के लिए बनाई गई स्कीमों के माध्यम से कैंसर का प्रारम्भिक स्थिति में पता लगाने और जागरुकता पैदा करने के लिए स्कीमें चला रही है । गर्भाशय कैंसर के लिए प्राथमिक उपचार की कोई सरल तकनीक नहीं है।